# राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में चरक जयन्ती एवं संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत संस्कृत काव्य प्रतियोगिता

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के गुरु गोरक्षनाथ आयुर्विज्ञान संस्थान, आयुर्वेद महाविद्यालय के संहिता सिद्धान्त एवं संस्कृत विभाग, भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में चरक जयन्ती एवं संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 11 अगस्त 2026 को 'स्वास्थ्यस्य महत्त्वम्' (स्वास्थ्य का महत्व) विषय पर संस्कृत काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि, रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। विद्यार्थियों ने संस्कृत काव्य के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, स्वास्थ्य संरक्षण तथा आयुर्वेद की उपयोगिता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

